# आकाशवाणी शिमला

**06.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में करूणामूलक आधार पर लंबित रोज़गार संबंधी मामलों में भर्ती प्रकिया को अगले एक वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री आज शिमला में करूणामूलक रोज़गार नीति पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भर्तियों की पात्रता के लिए वार्षिक आय सीमा को अढ़ाई लाख रूपये से बढ़ाकर 3 लाख रूपये किया जाएगा। उन्होंने कहा कि करूणामूलक आधार पर लंबित मामलों को 3 चरणों में निपटाया जाएगा। पहले चरण में विधवा और 45 वर्ष से कम आयु के उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके माता–पिता नहीं है। वर्तमान में इस श्रेणी में प्रदेश में एक सौ 41 विधवाएं और एक सौ 59 अनाथ बच्चे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण में कम वार्षिक आय वाले पात्र लोगों को और तीसरे चरण में शेष पात्र आवेदकों को करूणामूलक आधार पर रोज़गार दिया जाएगा।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि केंद्र से हिमाचल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 के तहत 3 हज़ार एक सौ 23 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और 43 पुलों के निर्माण के लिए 3 हज़ार 3 सौ 45 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रयासरत है और अब तक 5 सौ 17 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, जिन पर 8 सौ 2 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च हुई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विभाग के बेहतर प्रदर्शन के दृष्टिगत राज्य सरकार ने केंद्र से वर्ष 2025–26 के लिए बजट आबंटन को बढ़ाकर एक हज़ार 3 सौ करोड़ रूपये करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ढली से नारकंडा तक फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव भी एन.एच.ए.आई को भेजा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार में सब कुछ ठीक–ठाक है। उन्होंने कहा कि उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा किए जा रहे विकास कार्य भाजपा को रास नहीं आ रहे हैं, इसलिए उनके खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

## कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित हो रही है। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार आज प्रदेश में कर्मचारियों की सेवानिवृति की आयु सीमा बढ़ाने पर फैसला लिया जा सकता है।

## एनएसए–प्रधानमंत्री बैठक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्च स्तंरीय बैठकों की श्रृंखला में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इससे पहले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भी नरेंद्र मोदी के साथ एक बैठक की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ भी अलग–अलग बैठकें हुई।

## गृह मंत्रालय–नागरिक सुरक्षा

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल 7 मई को मॉकड्रिल करवाने को कहा है। देश के 2 सौ 44 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला लिया गया है। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य में पिछले कुछ दिनों के दौरान कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि, आंधी और अंधड़ से कृषि और बागवानी को व्यापक नुकसान हुआ है और इससे प्रदेश भर में अधिकतर तापमान में सात डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई ज़िलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने, ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इस दौरान किन्नौर ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलों में भी अंधड़, ओलावृष्टि और आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।

........................................................................................................................................................................